# करौली नगर परिषद में स्थाई आयुक्त लगवाने की मांग

■ नगर परिषद में हो रहे भारी भ्रष्टाचार को लेकर नगर परिषद के पार्षदो ने लामबंद होकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व नगर परिषद में स्थाई आयुक्त लगवाने की मांग

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद में हो रहे भारी भ्रष्टाचार को लेकर नगर परिषद के पार्षदो ने लामबंद होकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं नगर परिषद में स्थाई आयुक्त लगवाने की मांग की।

नगर परिषद के पार्षद कुलदीप सिंह मालती कुमारी माधुरी इसाक संजीव जैन भारती अमृतलाल कमलेश देवी इकबाल नरेश खगोश मुकेश गोड दीपक साक्यवार मिथलेश देवी भगवान सिंह इस्लाम खान सुमित कुमार आदि ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 से नगर परिषद में आयुक्त के पद पर नियुक्त कार्यवाहक आयुक्त उपखंड अधिकारी करौली के कार्यकाल में राजस्व विभाग का भ्रष्टाचार नगर परिषद तक पहुंचने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना की निविदा के तहत इंटरलॉकिंग एवं मैटेरियल सप्लाई एक ही संवेदक को एक ही वार्ड में दी गई है। और लगातार 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं इसके अलावा उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में हुए 11 निविदाओ जन उपयोगी कार्य पेज रिपेयर एवं नाली क्रॉसिंग के समस्त 55 वार्डो हेतु टेंडर हुए थे। जिनका मौके पर कहीं भी काम नहीं होने और मिलीभगत कर भुगतान करने के आरोप लगाए। इसके अलावा उन्होंने ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद करौली में सफाई के लिए तीन जेसीबी लगा रखी हैं लेकिन मौके पर मात्र एक ही जेसीबी मिलती है।

उन्होंने बताया कि सफाई के लिए ठेका पर अस्थाई कर्मचारी लगे हुए हैं लेकिन करीब एक दर्जन वार्डो में ना तो सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं ना ही सफाई कराई गई है और ना ही आज तक डोर टू डोर सफाई संग्रहण हुआ है। पार्षदों ने वर्ष 2023-- 24 मैं राहुल सेन एवं तत्कालीन अकाउंटेंट पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से लगे हुए ठेका कर्मी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरो को ठेका कर्मी द्वारा मानदेय व नरेगा द्वारा अनुचित लाभ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रोत्साहन राशि का कमीशन एजेंटो के माध्यम से अनुचित लाभ दिए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र की रोशनी व्यवस्था का खुलासा करते हुए बताया कि कनिष्ठ अभियंता चेतन प्रकाश गर्ग द्वारा 90 लाख रुपए की संविदा और अन्य अनुचित संसाधनों की खरीद कर फर्जी बिलों का भुगतान उठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

अंत में उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात भी मोटे कमीशन के कारण पार्षदों का 5 लाख का बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने का आरोप लगाया। और नगर परिषद में भ्रष्टाचार एवं हठधर्मिता के चलते पिछले 3 वर्षों में कोई भी विकास कार्य नहीं होने के आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की।

## सार-समाचार

### नीरज डांगी का किया स्वागत

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। राजस्थान से कांग्रेस पार्टी द्वारा नीरज डांगी को राज्यसभा में निर्विरोध सांसद चुने जाने पर हिण्डौन सिटी के कांठोस जनों ने पूर्व उपसभापति नफीस अहमद के नेतृत्व में जयपुर पहुंचकर स्वागत किया। कांग्रेस नेता शफीक खान ने बताया कि विधानसभा से निर्विरोध निर्वाचन पत्र प्राप्त करने के बाद राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का सैकड़ो कांठोस जनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए नीरज डांगी ने कहा कि मेरा निर्वाचन जमीनी स्तर पर काम करने वाले हर कांग्रेस कार्यकर्ता को सम्मान देने वाला है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने फिर से मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसे पर पूरी ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने कहा कि पार्टी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाले नेताओं को जब पार्टी द्वारा सम्मान मिलता है तो कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होता है। नीरज डांगी की नियुक्ति जाति और वर्ग से ऊपर कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता की जीत है। इस अवसर पर शिक्षाविद अतीक अहमद युवा नेता,रवि मीणा अशोक सिंह, शफीक भाई सहित प्रदेश कांठोस कमेटी के कई पदाधिकारी और राजस्थान के कोने-कोने से आए नीरज डांगी के समर्थक मौजूद रहे। काफिले के रूप में नीरज डांगी को राजस्थान विधानसभा से उनके आवास तक ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचाया गया।

### महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला का प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर निर्माणाधीन एस्केलेटर के नीचे शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार स्टेशन पर मौजूद लोगों ने प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर निर्माणाधीन पुलिया और एस्केलेटर के नीचे वृद्ध महिला का शव देखा। उन्होंने तत्काल रेलवे अधिकारियों और जीआरपी पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतका की उम्र लगभग 70 वर्ष बताई जा रही है। उसने चेकदार शर्ट और छींट का लहंगा पहन रखा था। उसके पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने रेलवे चिकित्सक को मौके पर बुलाया। प्राथमिक जांच में चिकित्सक ने महिला की मृत्यु किसी पुरानी बीमारी के कारण होना बताया है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। जीआरपी पुलिस ने शव को गंगापुर सिटी राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों और विभिन्न थानों से संपर्क कर मृतका की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। शिनाख्त होने पर नियमानुसार पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल, जीआरपी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतका की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

**करौली,** (निसं)। जिला परिषद करौली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह ने बताया कि पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत अतेवा में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी पूजा मीना को राजकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता बरतने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति अत्यंत कम रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूजा मीना के विरुद्ध विभागीय जांच कार्यवाही प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है। निलंबन काल के दौरान संबंधित कार्मिक का मुख्यालय जिला परिषद करौली निर्धारित किया गया है।

### करौली में चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी

**करौली,** (निसं)। शहरी क्षेत्रों में समय अनुरूप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की जानकारी हेतु 3 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण सीएमएचओ डॉ.सतीश चंद मीणा द्वारा किया एवं धनीराम सरपंच का पुरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण डीपीओ आशुतोष पांडे द्वारा किया गया एवं हिंडौन में एएएम बड का पाड़ा , गुलशन कॉलोनी, सिटी डिस्पेंसरी और जाट की सराय का निरीक्षण डीपीओ विश्वेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। जिसमें एएएम धनीराम सरपंच का पुरा में चिकित्सक विगत दिनों से अनुपस्थित पाया गया। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने बताया कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का समय दो पारियों में किया गया है जिससे मरीज को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और सुगम उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में सुबह की पारी में कार्मिक मौजूद मिले, जिन्हें निर्धारित यूनिफॉर्म के लिए पाबंद किया गया। संस्थानों पर साफ- सफाई, दवाओं की उपलब्धता, जांच, ओपीडी और टीकाकरण की स्थिति से रूबरू होकर सुधार के निर्देश प्रदान किए गए।सूचना केन्द के टाउन हॉल में विकास प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन

### विकास प्रदर्शनी आज

**करौली,** (निसं)। केंद्र सरकार के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 12 जून को प्रातः 11 बजे सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, करौली के टाउन हॉल में एक भव्य एवं विशाल विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जावेगा। त्रि-दिवसीय इस विशेष प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों, ढांचागत विकास और विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों से जीवंत रूप से रूबरू कराना है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं सपोटरा विधायक हंसराज मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन करेंगे। टाउन हॉल में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा तथा राज्य सरकार के अभूतपूर्व नीतिगत निर्णयों व जनहितैषी कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर उपखंड क्षेत्र के मीणा बड़ौदा गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए वजीरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीणा बड़ौदा निवासी रविंद्र मीणा की पत्नी संजना मीणा (23) ने बुधवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों को घटना का पता चलने पर घर में कोहराम मच गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि संजना की शादी 1 महीने पहले 5 मई को मीणा बड़ौदा निवासी रविंद्र मीणा के साथ हुई थी। विवाह को अभी करीब 1 महीना ही हुआ था। वो सियाराम मीणा निवासी रघुवंशी, थाना कुडगांव की बेटी थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## गंगापुर सिटी में अटल जनसेवा शिविर का आयोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कलेक्टर कानाराम ने गुरुवार को गंगापुर सिटी का दौरा किया। इस दौरान पंचायत समिति गंगापुर सिटी में अटल जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उन्होंने स्वयं की। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में कुल 34 प्रकरण प्राप्त हुए।

इनमें आम रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण हटवाने, पेंशन राशि का भुगतान, अघोषित बिजली कटौती, रेलवे स्टेशन के सामने से कचरा पॉइंट हटवाने, पट्टा बनवाने और रेलवे अंडरलाइन से टापुर रोड तक सड़क निर्माण जैसे मामले शामिल थे। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों की जांच कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।जनसुनवाई के बाद कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ग्रामीण सेवा शिविर के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर को ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी ली और लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। रास्ता खोलो अभियान की प्रगति पर भी चर्चा हुई, जिसके तहत रिकॉर्डेड रास्तों को तुरंत प्रभाव से खुलवाने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, बिजली विभाग को बार-बार होने वाली विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, एसडीएम बृजेन्द्र मीना, विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, ब्लॉक सीएमएचओ सहित विद्युत, पीएचईडी और पीडब्ल्यूडी विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



गंगापुर सिटी में जन सुनवाई करते जिला कलेक्टर।

## पत्नी की गला रेतकर हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

■ एसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई, जटनगला क्षेत्र से दबोचा आरोपी

**करौली/मासलपुर,** (निसं)। मासलपुर थाना क्षेत्र के बरबटपुरा गांव में गत दिवस पत्नी की निर्मम हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को पुलिस ने वारदात के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बुधवार सुबह धारदार हथियार (बांक) से अपनी पत्नी का गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देश पर विशेष टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने लगातार दबिश देकर गुरुवार को आरोपी पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने पत्रकार वार्ता में पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 10 जून को मासलपुर थानाधिकारी परमजीत सिंह पुलिस जाप्ते के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान कंट्रोल रूम के माध्यम से बरबटपुरा गांव में एक महिला की हत्या होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके पर महिला का शव मिला, जिसकी गर्दन पर धारदार हथियार के गहरे घाव थे।

प्रारंभिक जांच में मृतका की पहचान निरमा देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह गुर्जर निवासी बरबटपुरा के रूप में हुई। शव को हिण्डौन सिटी के राजकीय जिला अस्पताल लाया गया, जँहा मृतका के परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने विस्तृत जांच शुरू की। मृतका के भाई हाकिम सिंह गुर्जर निवासी कारवाडी , थाना सदर बयाना (भरतपुर) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन का विवाह करीब 15 वर्ष पूर्व राजेन्द्र सिंह के साथ हुआ था। जिसका गौना 3 साल पहले किया था। गौने के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। कई बार मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था।

रिपोर्ट में बताया गया कि कुछ समय पहले भी मृतका के साथ मारपीट कर उसे पीहर भेज दिया गया था। इसके बाद सामाजिक स्तर पर समझौते के प्रयास हुए और 8 जून को आरोपी राजेन्द्र सिंह अपनी पत्नी निरमा को वापस ससुराल ले गया। परिजनों के अनुसार दो दिन बाद ही उसने पत्नी की हत्या कर दी। मृतका के भाई ने आरोपी पति सहित अन्य परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मौके पर एफएसएल एवं फोरेंसिक मोबाइल यूनिट को बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए।

## जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर संभाग के सबसे बड़े आरबीएम अस्पताल में व्याप्त घोर अव्यवस्थाओं और लापरवाहियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांठोस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि विगत दिवस डीग जिले से रैफर किए गए कुत्ता काटने के मरीज को बिना प्राथमिक उपचार किए जयपुर रैफर करने तथा अस्पताल परिसर में स्थित पार्क में ही मरीज की मौत हो जाने, जनरल एवं आईसीयू वार्डो में नर्सिंग स्टाफ द्वारा लापरवाही बरतना तथा पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सकों को दिखाकर दवाईयां लेने तक बड़ी बड़ी लाईनों में लगकर मरीजों को होने वाली परेशानियों के बारे में ज्ञापन में उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में यह भी बताया कि अस्पताल में व्याप्त इन अव्यवस्थाओं के बारे में अस्पताल प्रशासन के उच्च अधिकारी अनजान बने रहते हैं।

## टोडाभीम में आज से शुरू होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**करौली,**(निसं)। उपखण्ड अधिकारी टोडाभीम अमन चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार की संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए टोडाभीम में विशेष अभियान चलाया जावेगा। इसके तहत क्षेत्र के आमजन तक जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं और फ्लैगशिप कार्यक्रमों को पहुँचाने के लिए आगामी 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

जारी विस्तृत समय-सारणी के अनुसार जून माह के प्रथम चरण में 12 जून को अजीजपुर व सिंधनिया, 15 जून को करीरी व कटारा अजीज, 16 जून को खैडी व उरदेन, 18 जून को खोहरा व कँजौली, 19 जून को गोरडा व धवान, 22 जून को शहराकर व रानोली, 23 जून को कुढावल व मूँडिया, 24 जून को नांगल माँडल व कमालपुरा, 25 जून को निशूरा व मान्नोज, 29 जून को पदमपुरा व मोरड़ा तथा 30 जून को पाढला खालसा व किरवाड़ा ग्राम पंचायत में शिविर लगाए जावेंगे।

इसी प्रकार जुलाई माह के द्वितीय चरण में 1 जुलाई को भण्डारी अंदरूनी व बालघाट, 3 जुलाई को भजेडा व पहाड़ी, 6 जुलाई को भनकपुरा व शेखपुरा, 7 जुलाई को मण्डेरू व भोपुर, 8 जुलाई को माचडी व नांगल शेरपुर, 10 जुलाई को मातासूला व महस्वा, 13 जुलाई को लपावली व साकरवाडा, 14 जुलाई को बोल व झाडीसा तथा अंतिम दिन 15 जुलाई को जौल ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शिविर का आयोजन होगा उन्होंने बताया कि शिविरों के सुचारू संचालन और मॉनिटरिंग के लिए तहसीलदार टोडाभीम, तहसीलदार बालघाट तथा विकास अधिकारी टोडाभीम को शिविर प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग, कृषि विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सैनिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आयोजना विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धित विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग एवं परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

## भरतपुर में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर से सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें कांठोसजनों व अन्य वक्ताओं ने उन्हें याद किया। इस अवसर पर व्यायामशाला के संचालक व जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने 1980 से 11 जून 2000 तक के 20 साल की राजनीतिक गतिविधियों की प्रशंसा की, डीग जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव चौधरी ने उनकी सादगी एवं संघर्ष की भावना हम सभी को प्रेरणा देती है।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा नेकहा कि सूचना क्रान्ति की देश में नींव रखने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सोच को आगे बढाने में राजेश पायलट का योगदान सराहनीय रहा। अन्य वक्ताओं में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतोली एडवोकेट, शहर कांठोस के अध्यक्ष डा.दयाचंद पचौरी पूर्व शहर अध्यक्ष रमेश धावई, रमेश पाठक, जगदीश बंजी, सूबेदार अर्जुन सिंह, भरत चौधरी गादोली, ब्रजेन्द्र चीमा, जीवनलाल शर्मा, बने सिंह धावई, प्रेम सिंह प्रजापत, श्याम सिंह गूर्जर, ओमप्रकाश ठाकुर, राजेश बाल्मीकि, मा. जगराज सिंह धाऊ, ज्ञानसिंह गुर्जर, अर्जुन सिंह कोच आदि मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर फल व शर्बत वितरित किया गया। इसी प्रकार पायलट गुर्जर छात्रावास भरतपुर में स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि सियाराम पहलवान चौकीपुरा की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें राजेश पायलट जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि राजेश पायलट एक सामान्य घर से निकलकर किसानों की आवाज को संसद तक पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा जब तक गरीब किसान का वेटा उन कुर्सियों पर नहीं पहुँचेगा जहां देश की नीतियां बनती हैं तब तक देश का विकास पूर्ण रूप से संभव नहीं है। उन्होंने गरीब किसान की आवाज की गांव-गांव व ढाणी ढाणी तक पहुँचाने का काम किया उन्हें ईमानदार, कर्मठ स्वच्छ छवि वाले किसान नेता के रूप में जाना जाता है। हम सबको इनसे सीख लेने की आवश्यकता है। संचालन उदयसिंह पार्षद ने किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला, छात्रावास पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह खटाना, पूर्व अध्यक्ष जनकसिंह विधूडी, सिरमोहर खुडासा, अर्जुन सिंह चांदोली, जगवीर मलाह, विष्णु रतउआ, बंटू सिंह, गौतम सिंह, सचिन, लवकुश नागर, सोमेन्द्र सिंह, रामकेश, अवनीश आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद जनकसिंह विधूडी ने किया।




भरतपुर में राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई।

## सार-समाचार

### अभिरुचि शिविर में सीखे हुनर

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से आयोजित 7 दिवसीय निःशुल्क महिला अभिरुचि शिविर का गुरुवार को उत्साह और उल्लास के साथ समापन हुआ। सोनी मैरिज हॉल, मिर्जापुर में आयोजित समापन समारोह में लगभग 120 बालक-बालिकाओं को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। महिला गतिविधि संयोजक स्नेहलता गुप्ता ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 3 जून को मित्तल आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ था। सात दिनों तक प्रतिभागियों को मेहंदी, डांस, ब्यूटीशियन, जूडो-कराटे और क्राफ्ट जैसी उपयोगी एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह की शुरुआत भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन तथा सामूहिक राष्ट्रगीत गायन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. तृप्ति बंसल, शाखा अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता पट्टीवाले, सचिव नरेंद्र कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार रावत मौजूद रहे। परिषद की ओर से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। समारोह में प्रांतीय दायित्वधारी सीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अनिल खंडेलवाल, सहसंयोजक पुष्पा आर्य, स्मिता टोडवाल, पूजा गुप्ता, चंचल पांडे सहित कई कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. तृप्ति बंसल ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और ऐसे शिविर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शाखा अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता पट्टीवाले ने शिविर की सफलता पर सभी सहयोगियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन संगीता उपाध्याय ने किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेष मीणा के निर्देशन में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना अटलबंद पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा और एक अवैध चाकू बरामद किया है। पहली कार्रवाई में एएसआई भीमसिंह मय जाप्ता गश्त के दौरान खादी भंडार के पीछे श्रीजी गेस्ट हाउस क्षेत्र पहुंचे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा (.315 बोर) बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम साहिल (22) निवासी सुभाष नगर, भरतपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई में एएसआई हरीशचंद मय जाप्ता ने मुखबिर की सूचना पर मेला ग्राउंड प्रदर्शनी स्थल के पास से एक युवक को अवैध चाकू के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान "कृष्णा (26)" निवासी देवरेटा, थाना जगदीशपुरा, जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा अवैध हथियारों के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।

### संगोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। महाराजा सूरजमल कृषि महाविद्यालय रहीमपुर पर मानव स्वास्थ्य पर संतुलित भोजन का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि मानव स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन सर्वाधिक जरूरी घटक है। लेकिन भारत की 145 करोड़ जनसंख्या को संतुलित भोजन उपलब्ध नहीं है। विशेषतः दाल, फल-सब्जियों और दूध निर्धारित मात्रा में उपलब्ध नहीं होने से बच्चों में बौनापन बढ़ रहा है, मांसपेशियों का उचित विकास नहीं हो पाता तथा बीमार रहते हैं। उनका मानसिक विकास भी प्रभावित होता है। डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि प्रति व्यक्ति 75 ग्राम दाल के बजाय हमारे देश में केवल 40 ग्राम दाल उपलब्ध है। जबकि दालें प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति को सही मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। फल व सब्जियों का उत्पादन हमारे देश में 356 मिलियन टन होता है जो कि हमारे आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है लेकिन एक तिहाई फल व सब्जियों तुडाई पश्चात उचित रखरखाव में कमी के कारण खराब हो जाती है, इसलिए इनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए फल सब्जियो के परिवहन, ग्रेडिंग, पैकिंग, भण्डारण और प्रोसेसिंग पर ध्यान देने की आवश्यकता है। फल व सब्जियों पर रासायनिक पैस्टीसाइड का छिडकाव भी इनको जहरीला बनाता है अतः इनकी जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। हमारे देश में 400 मिली लीटर दूध प्रति व्यक्ति के बजाय 250 मिली लीटर दूध ही उपलब्ध है। हमें उन्नत नस्ल के पशु व उनके प्रबंधन पर ध्यान देकर दूग्ध उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। डॉ. लक्ष्मण सिंह व रामनिवास ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।परमा एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में दर्शनो के लिए उमडा जन सैलाव

### परमा एकादशी पर्व मनाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को परमा एकादशी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया, जबकि श्री कल्याणजी मंदिर में भी भगवान कल्याणजी महाराज की आकर्षक झांकी सजाई गई। पर्व के अवसर पर मंदिरों में दिनभर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। एकादशी के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर की साफ-सफाई और धुलाई के बाद विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां की गईं। सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमी दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे और दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। बाबा श्याम और श्री कल्याणजी महाराज का विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। इसके लिए केवड़ा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न किस्मों के गुलाब के फूल विशेष रूप से मंगवाए गए। बाबा को नई पोशाक धारण कराई गई और उसके बाद विशेष पूजा-अर्चना तथा आरती संपन्न हुई। सैकड़ों श्रद्धालु निशान यात्रा लेकर नहर रोड स्थित कुशालगढ़ मंदिर पहुंचे और बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। श्याम भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण विशेष उत्साह का माहौल बना रहा। श्री श्याम सेवा धाम समिति की ओर से बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं, श्री श्याम परिवार सेवा समिति ने भक्तों को शरबत वितरित कर सेवा कार्य किया। शाम को आयोजित विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री कल्याणजी मंदिर और नहर रोड स्थित कुशालगढ़ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम, श्याम चालीसा का पाठ किया तथा भजन-कीर्तन का आनंद लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया।

### सेमिनार व भजन संध्या कल से

**भरतपुर,** (निसं)। सहज योग परिवार भरतपुर द्वारा दो दिवसीय सहजयोग सेमिनार व भजन संध्या के साथ निःशुल्क कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार के कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13 व 14 जून को शहर स्थित श्रीराम मैरिज होम मथुरा रोड, त्योंगा पर किया जाएगा। स्टेट कोर्डिनेटर डॉ. मोहकम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 13 जून शनिवार को साँय 5 बजे से जनसाधारण के लिये सहज योग ध्यान द्वारा निःशुल्क कुण्डलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार का कार्यक्रम रहेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी साधकों को कुंडलिनी की जागृति एवं ध्यान के सुक्ष्म अनुभव कराए जाएंगे। जिसमें कोई भी व्यक्ति मानव की रीड की हड्डी में स्थित कुंडलिनी जागरण के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करके स्वयं को जान सकते हैं। ध्यान की कोई भी पद्धित कुंडलिनी जागृत किए बिना अधूरी है, कुंडलिनी जागृति इसका एकमात्र तरीका है, जिससे शारीरिक रोग प्रतिरोध क्षमता और मानसिक संतुलन दोनों ही पाना संभव है। इसके सहज अभ्यास से व्यक्ति अपने आध्यात्मिक तंत्र की सहज जागृति का अनुभव कर कैसे आध्यात्मिक चेतना का विकास कर आध्यात्मिक ,शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उन्नित प्राप्त कर परमतत्व को प्राप्त कर सकता है के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित योगियों द्वारा बताया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात भजन संध्या में प्रख्यात भजन गायक मुखीराम जी व अन्य द्वारा भजन प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन मेडिकल सेमिनार में डॉ मोहकम सिंह द्वारा सहजयोग से अपनी सभी बीमारियां कैसे सही कर सकते हैं के बारे में बताया जाएगा। इसके पश्चात जन जागृति व ध्यान योग से आध्यात्मिक जागरण हेतु बाहर से पधारे साधकों व सहजयोग परिवार भरतपुर द्वारा आस पास के क्षेत्रों में ध्यान के कार्यक्रमों द्वारा लोगों को आध्यात्मिक जागृति एवं सनातन संस्कृति का संदेश दिया जाएगा ।सेमिनार में संपूर्ण राजस्थान से तथा आसपास के राज्यों से आए सैकड़ों सहज योगी भाग लेंगे। यह जानकारी जिला समन्वयक मीरा बंसल ने दी।